POLICE COMMISSIONERATE
GAUTAM BUDH NAGAR
सराहनीय कार्य /प्रेस विज्ञप्ति - दिनाकं 20.05.2025

1. थाना फेस-1 पुलिस द्वारा घरों से चोरी करने वाली एक महिला अभियुक्ता गिरफ्तार, कब्जे से चोरी के 04 मोबाइल, 01 घड़ी व 1200 रुपये नकद व अन्य सामान बरामद ।

कार्यवाही का विवरण-- दिनांक **20.05.2025** को **थाना फेस-1 पुलिस** द्वारा लोकल इंटेलिजेंस व गोपनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए घरों से चोरी करने वाली एक महिला अभियुक्ता रेनू उर्फ नैना पत्नी अनुराग पाण्डेय को सेक्टर-10 नोएडा स्थित पार्क से **गिरफ्तार** किया गया है। अभियुक्ता के कब्जे से चोरी के 04 मोबाइल, 12 डेबिट कार्ड/ क्रेडिट कार्ड/ आईडी कार्ड, 01 पर्स, 01 घड़ी (टाइटन), 01 इयरबड्स (वनप्लस) व 1200 रुपये नकद बरामद किये गये है।

पूछताछ का विवरण-- पूछताछ करने पर अभियुक्ता द्वारा बताया गया कि पर्स व पर्स के अन्दर मिले कार्ड, घड़ी व 02 मोबाइल आज दिनांक 20.05.2025 को न्यू अशोक नगर दिल्ली में स्थित एक घर से चोरी किये थे तथा अन्य 02 मोबाइल न्यू अशोक नगर दिल्ली में स्थित घरो से ही चोरी किये थे। 02 मोबाइल सेक्टर 15 नोएडा में स्थित एक घर से चोरी किये थे जिन्हें बेचकर शेष 1200 रुपये नकद बरामद हुए।

अभियुक्ता का विवरण--

रेनू उर्फ नैना पत्नी अनुराग पाण्डेय निवासी डी-116 न्यू कोण्डली, थाना न्यू अशोक नगर, दिल्ली।

पंजीकृत अभियोग व आपराधिक इतिहास का विवरण--

1- मु0अ0स0 202/2025 धारा 317(2)/317(5) बीएनएस, थाना फेस-1, कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर।
2- मु0अ0स0 175/2025 धारा 305(ए)/317(2) बीएनएस, थाना फेस-1, कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर।
3- मु0अ0स0 26/2023 धारा 411/414 भादवि, थाना सेक्टर-24 नोएडा, कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर।
4- मु0अ0स0 363/2022 धारा 380/411 भादवि, थाना सेक्टर-24 नोएडा, कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर।
5- मु0अ0स0 381/2022 धारा 380/411 भादवि, थाना सेक्टर-24 नोएडा, कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर।
6- मु0अ0स0 913/2021 धारा 380/411 भादवि, थाना सेक्टर-39 नोएडा, कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर।

बरामदगी का विवरण--

1- चोरी के 04 मोबाइल

2- चोरी के12 डेबिट कार्ड/ क्रेडिट कार्ड/ आईडी कार्ड
3- चोरी का 01 पर्स
4- चोरी की 01 घड़ी (टाइटन)
5- चोरी के 01 इयरबड्स (वनप्लस)
6- चोरी के मोबाइल बिक्री के 1200 रुपये नकद